# University in News on 02 February 2025

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

### लविवि: स्वयं के कोर्स को मिला अनुमोदन

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने शासन के निर्देश पर स्वयं (स्टडी वेब्स ऑफ एक्टिव लर्निंग फॉर यंग एस्पायरिंग माइंड्स) पोर्टल से पाठ्यक्रमों के चयन के लिए शनिवार को बैठक हुई।

प्रति कुलपति प्रो. मनुका खन्ना की अध्यक्षता में हुई बैठक में इन कोर्स को अनुमोदन दिया गया। इसके अंतर्गत विद्यार्थी अपने विभाग का 40 प्रतिशत कोर्स ऑनलाइन पढ़ पाएंगे। सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा। बैठक में डीन एकेडमिक प्रो. गीतांजलि मिश्रा ने पारंपरिक शिक्षण विधियों के पूरक के रूप में इन मूक्स (मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्स) को अपनाने के उद्देश्य और महत्व समझाए।

डॉ. किरण लता डंगवाल ने स्वयं के जरिये डिजिटल शिक्षा में रोजगार क्षमता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने कहा कि यह कोर्स राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप भी हैं। (संवाद)

### लविवि की टीम ने आइसस्टॉक में जीता रजत



अंतर विश्वविद्यालय आइसस्टॉक में रजत जीतने वाली लविवि टीम। - संवाद

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय की पुरुष टीम ने अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय शीतकालीन खेलों में आइसस्टॉक में रजत जीता। आरिज हसन, अब्दुल हक, अनमोल वर्मा और राज सिंह विजेता टीम का हिस्सा रहे। टीम के साथ टीम प्रबंधक डॉ. नीलेश सिंह और कोच रमा रंजन उपाध्याय भी मौजूद रहे। प्रतियोगिता का आयोजन जम्मू-कश्मीर स्थित बारामूला के गुलमर्ग में किया गया। एलयूएए के अध्यक्ष डॉ. आरबी सिंह ने इसकी जानकारी दी। (संवाद)

### पीएचडी के दो विषयों का परिणाम जारी

**लखनऊ।** लखनऊ विवि ने पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया के क्रम में शनिवार को दो और विषयों जूलॉजी और सोशियोलॉजी का अंतिम परिणाम जारी कर दिया। प्रवेश समन्वयक डॉ. अनित्य गौरव ने बताया कि अभ्यर्थी विवि की वेबसाइट मेरिट सूची व कटऑफ देख सकते हैं। चार फरवरी फीस जमा करने की अंतिम तिथि है। (संवाद)

## HINDUSTAN PAGE 17

### एलयू आइसस्टॉक टीम ने रजत जीता

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय की आइसस्टॉक टीम ने बारामूला में अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय शीतकालीन खेलों में रजत पदक जीता है। एलयूएए अध्यक्ष डॉ. आरबी सिंह ने बताया कि शुक्रवार को हुए मैच में टीम ने रजत पदक जीतकर इतिहास रचा। टीम में आरिज समेत अन्य शामिल रहे।

### एलयू छात्र स्वयम् के कोर्स अपनाएं

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को स्टडी वेब्स ऑफ एक्टिव लर्निंग फॉर यंग एस्पायरिंग माइंड्स (स्वयम) पाठ्यक्रमों को अपनाना चाहिए। इससे उन्हें अपने कोर्स के साथ कई अन्य पाठ्यक्रमों को पढ़ने और सीखने का मौका मिलेगा। यह बातें स्वयं की समन्वयक डॉ. किरण लता डंगवाल ने कहीं। उन्होंने एलयू में स्वयम पाठ्यक्रमों के चयन व अनुमोदन पर चर्चा की।